बांग्लादेश की स्थिति के कारण बिहार के ज़िलों में अलर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति के मद्देनज़र **बिहार के कई हिस्सों में अलर्ट जारी** किया गया था।

मुख्य बिंदु

- बिहार का कोई भी ज़िला बांग्लादेश की सीमा पर स्थित नहीं है, राज्य **नेपाल के साथ** एक लंबी और छिद्रपूर्ण **सीमा** साझा करता है।
    - इस सीमा का **उपयोग** अक्सर अन्य देशों के **घुसपैठियों द्वारा भारतीय क्षेत्र में प्रवेश** करने के लिये किया जाता है।
- नौकरी में आरक्षण को लेकर सड़कों पर हुए **बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश अनिश्चितता की स्थिति में आ गया, जिसके कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा।**

बांग्लादेश की स्थिति

- बांग्लादेश में **एक बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल** मची हुई है। व्यापक विरोध और अशांति के बीच **प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है तथा देश छोड़ दिया।**
- **जनरल वकर-उज़-ज़मान** के नेतृत्व में बांग्लादेशी सेना ने राजनीतिक दलों के समर्थन से एक **अंतरिम सरकार के गठन** की घोषणा की है
- यह घटनाक्रम बांग्लादेश के **राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसने प्रधानमंत्री के रूप में हसीना के 15 वर्ष के कार्यकाल को समाप्त** कर दिया है और देश के भविष्य की स्थिरता तथा शासन के बारे में सवाल खड़े कर दिये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/azert-in-bihar-districts-due-to-bangladesh-situation